**Need to establish SAI centre and SAI educational institute in Phulpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid**

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया, भारत में खेलों के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है. इसका मकसद देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, खेल उत्कृष्टता को बढ़ाना, और खेलों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है. और इसलिए खेल हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है । यह हमारे स्वास्थ्य,मनोवैज्ञानिक विकास एवं समाजिक विकास के लिए एक संपूर्ण उपाय है । नई शिक्षा नीति में भी खेल जैसे विषय को महत्व दिया गया है । क्योंकि खेल महज एक मनोरंजन का विषय न हो कर हमारे युवाओं के लिए उनके भविष्य को एक नया आयाम प्रदान करने वाला विषय है । मेरे क्षेत्र में तत्संबंधी व्यवस्थाओं कि अभाव में वहां के युवाओं को खेल को करियर के विकल्प के रुप में चुनने और बुनियादी सुविधाएं मसलन अभ्यास आदि सुगम नही हो पाता है । अतः माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की शाखा एवं संबंधित शैक्षणिक संस्थान खोले जायें ।